NT>

Title: Need to provide adequate central assistance to control starvation in Chhatisgarh region of Madhya Pradesh.

श्री चन्द्रशेखर साहू (महासुमन्द): उपाध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश के छत्तीसगढ़ में इन दिनों भयंकर भुखमरी की स्थिति है। वहां अकाल के कारण करीब तीन लाख लोग पलायन कर चुके हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र के खिल्लारी विधानसभा क्षेत्र में भुखोऊ आदिवासी बिंजवार की मृत्यु भूख से हो चुकी है और वहां राज्य शासन ने किसी भी प्रकार का कोई राहत कार्य चालू नहीं किया है। पलायन, अकाल, भुखमरी और बदहाली के कारण इतने लोग पीड़ित हैं, पूरे छत्तीसगढ़ में ५५ लाख के करीब ग्रामीण आबादी इससे प्रभावित है। शासकीय आबंटन के अभाव में किसी भी प्रकार का कोई काम नहीं हो रहा है।

महोदय, मैं केन्द्र सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि वह तत्काल केन्द्रीय सहायता मुहैया कराए ताकि वहां भुखमरी की स्थिति से उबरा जा सके। ... (व्यवधान)

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN (CHIRAYINKIL): Sir, what about me? You have called me.

MR. DEPUTY-SPEAKER: You will be called. He has given notice on the same issue.